health.nsw.gov.au

अति कमजोर बच्चों के लिए पाश्चराइज्ड डोनर ह्यूमन मिल्क (मानव द्वारा दान दिया पाश्चरीकृत दूध)

Pasteurised Donor Human Milk
for Vulnerable Babies

Hindi

अगर माँ का खुद का दूध उपलब्ध नहीं है तो NSW में अतिसंवेदनशील व कमजोर बच्चों को सबसे अच्छा और सबसे सुरक्षित वैकल्पिक भोजन देने के लिए NSW Health (एन एस डब्लयू हेल्थ) और Australian Red Cross Lifeblood Service (ऑस्ट्रेलियाई रेड क्रॉस लाइफब्लड सर्विस) एक साथ मिलकर काम कर रहे हैं।

पाश्चराइज्ड डोनर ह्यूमन मिल्क (PDHM) एक अनमोल संसाधन है और इसका उपयोग केवल सबसे छोटे या सबसे बीमार बच्चों के लिए किया जाता है, जिन्हें इसका सबसे ज्यादा फायदा होगा। इसमें शामिल हैं, निर्धारित समय से बहुत जल्दी जन्म लेने वाले बच्चे, वे बच्चे जिन्हें आँत या दिल की समस्या है या अन्य कोई गंभीर समस्याएँ हैं।

कमजोर बच्चों के लिए माँ का अपना दूध ही सर्वोत्तम संभव पोषण है। जब बच्चा Neonatal Intensive Care Unit (नवजात गहन देखभाल इकाई) (NICU) में होता है तब कुछ माताओं को शुरुआती हफ्तों में पर्याप्त दूध की आपूर्ति स्थापित करना चुनौतीपूर्ण लग सकता है । यदि ऐसा है और आपका शिशु मानदंडों (क्राइटेरिया) को पूरा करता है, तो वे पाश्चुरीकृत डोनर ह्यूमन मिल्क प्राप्त करने के योग्य होगा/होगी।

मानव दूध बनाम फॉर्मूला के लाभ

मानव दूध आपके बच्चे के लिए सबसे अच्छा पोषक तत्व है क्योंकि:

- फ़ॉर्मूला की तुलना में इसे पचाना आसान होता है
- यह आँत पर परत लगाकर उसकी रक्षा करता है या गंभीर आंत्र रोग के जोखिम को कम करता है जिसे Necrot-ising Enterocolitis (नेक्रोटाइज़िंग एंटरोकोलाइटिस) (NEC) के रूप में जाना जाता है।
- यह कुछ गंभीर संक्रमणों से सुरक्षा प्रदान करता है
- मानव दूध में अनेक चीजें ऐसी होती हैं जिन्हें फॉर्मूला में डालना नामुमकिन है
- यह आपके बच्चे/बच्ची को सर्वोत्तम विकास और दीर्घकालिक मस्तिष्क विकास प्रदान करता है।

मानव दूध मानव शिशुओं के लिए सबसे अच्छा है।

लगातार पूछे जाने वाले प्रश्न

मेरा शिशु कितने समय तक पाश्चराइज्ड डोनर ह्यूमन मिल्क को ले सकता है?

अगर आपका बच्चा पाश्चराइज्ड डोनर ह्यूमन मिल्क प्राप्त करने का पात्र है तो इसे आपके बच्चे के डॉक्टर द्वारा मंगवाया जाएगा। एक बार जब आपका खुद का दूध आपके बच्चे की जरूरतों को पूरा कर रहा होगा तो डोनर दूध की जरूरत नहीं रह जाएगी। हालाँकि, यदि आपका अपना दूध उपलब्ध नहीं है और यदि बच्चे को अब ज्यादा जोखिम नहीं है तो आपका शिशु लगभग 34 सप्ताह में फार्मूला लेना आरम्भ कर देगा/देगी।

क्या उन सभी शिशुओं के लिए हमेशा पर्याप्त पाश्चराइज्ड डोनर ह्यूमन मिल्क होगा जिन्हें इसकी आवश्यकता है?

कभी-कभी जितना डोनर ह्यूमन मिल्क उपलब्ध होता है उससे अधिक शिशुओं को इसकी आवश्यकता होती है। यदि ऐसा होता है, तो डोनर ह्यूमन मिल्क सबसे छोटे और सबसे बीमार बच्चों को दिया जाएगा। आपको बताया जाएगा कि क्या यह आपके बच्चे की पूर्ति को प्रभावित करेगा।

क्या पाश्चुरीकरण से स्तन का दूध बदल जाता है?

आपका अपना दूध विशेष रूप से आपके बच्चे के लिए बनता है। जब हम डोनर ह्यूमन मिल्क को सुरक्षित बनाने के लिए पाश्चराइज करते हैं तो कुछ चीजें खो जाती हैं। इसमें तब भी कई ऐसे कारक शामिल हैं जो आपके बच्चे की रक्षा करने में मदद करते हैं जो फार्मूला में मौजूद नहीं होते हैं।

स्तन दूध कौन दान करता है?

दाता मानव दूध एक माँ से दूसरी माँ के लिए एक उदार उपहार है। हो सकता है कि वे अपने स्वयं के बच्चे को दूध पिला रही हों और उनके पास अतिरिक्त दूध हो या उनके पास जमा किया हुआ (फ्रोजेन) दूध हो, जिसे उन्होंने NICU (एनआईसीयू) में अपने बच्चे के लिए निकाल कर रखा हो और जिसे छुट्टी दी जा रही है। हो सकता है कि अपने बच्चे को खोन देने के बाद भी माताएँ अपने बच्चे के सम्मान और अन्य बच्चों को स्वस्थ जीवन का सबसे अच्छा मौका देने के लिए दूध निकालना जारी रखें।

डोनर मिल्क कितना सुरक्षित है?

महिलाएं केवल साक्षात्कार और रक्त परीक्षण के बाद ही दूध दान करने के लिए पात्र होती हैं ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि उनका दूध सुरक्षित है। दान प्रक्रिया के बारे में https://www.lifeblood.com.au/milk पर पता करें।

हानिकारक बैक्टीरिया और वायरस को मारने के लिए डोनर ह्यूमन मिल्क को पास्चुरीकृत किया जाता है। संक्रमण का खतरा, चाहे यह कितना भी कम क्यों न हो, इसे शून्य नहीं किया जा सकता है। Australian Red Cross Lifeblood Service Milk Bank (ऑस्ट्रेलियाई रेड क्रॉस लाइफब्लड सर्विस मिल्क बैंक) NSW Health और NSW Food Authority (NSW फ़ूड अथॉरिटी) के सुरक्षा और संक्रमण दिशानिर्देशों का अनुपालन करता है। दुनिया भर में मानव दूध जमा करने के दशकों में, ठीक से पास्चुरीकृत मानव दाता दूध के कारण होने वाले संक्रामक रोगों की कोई रिपोर्ट प्रकाशित नहीं हुई है।

क्या माताओं को दूध दान करने पर भुगतान किया जाता है?

नहीं। माताओं को दूध दान करने के लिए भुगतान नहीं किया जाता है

क्या मैं यह जान सकता/सकती हूँ कि मेरे बच्चे को दूध किसने दिया है?

नहीं। हम दूध के दाता और प्राप्तकर्ता दोनों की सख्त गोपनीयता बनाए रखते हैं। यह हमारी नीति है।

December 2021 © NSW Health. SHPN (HSP) 211159-6.